संख्या:274/2016/1055/35-4-2016

प्रेषक,

अबरार अहमद,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख अभियन्ता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष,
लोक निर्माण विभाग,
उ0 प्र0 लखनऊ।

नियोजन अनुभाग-4 लखनऊ:दिनांक 18 जुलाई,2016

विषय : वर्ष 2016-17 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति ।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि जनपद कन्नौज में शासनादेश संख्या-845/35-4-2014 दिनांक 28 अक्टूबर,2014 द्वारा 34 कार्यों की रू. 7390.83 लाख की लागत पर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए प्रथम किश्त के रूप में रू. 3695.41 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। तत्पश्चात शासनादेश संख्या: 302/2015/2305/35-4-2015 दिनांक 04 नवम्बर,2015 द्वारा 16 कार्यों हेतु तथा शासनादेश संख्या: 29/2016/82/35-4-2016 दिनांक 13 जनवरी,2016 द्वारा 14 कार्यों हेतु एवं शासनादेश संख्या: 145/2016/627/35-4-2016 दिनांक 18 अप्रैल,2016 द्वारा 02 कार्यों हेतु व शासनादेश संख्या: 185/2016/745/35-4-2016 दिनांक 10 मई,2016 द्वारा द्वारा 01 कार्य हेतु क्रमश: रू. 1729.95 लाख, रू. 1552.35 लाख, रू. 171.52 लाख, रू. 99.42 लाख की कुल मिलाकर रू. 3553.24 लाख की धनराशि अवमुक्त की गई। इस प्रकार उक्त शासनादेश द्वारा स्वीकृत कुल 34 कार्यों में से 33 कार्यों हेतु लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि अवमुक्त हुई है। मुख्य अभियंता, (मु0-1) लो0नि0वि0 के पत्र संख्या: 4543 बी.जी./7 बी.-3 त्व0आ0वि0यो0/ 2016-17 दिनांक 12 जुलाई,2016 द्वारा उक्त शासनादेश से स्वीकृत 34 कार्यों में से शेष बचे हुये 01 कार्य यथा: **गुरसहायगंज रसूलपुर पल्टेपुर्वा मार्ग से अदमापुर मछिया होते हुए कसारी तक सम्पर्क मार्ग** हेतु पूर्व में अवमुक्त धनराशि का 75 प्रतिशत से अधिक उपयोग होना इंगित किया गया है। एतदद्वारा उक्त कार्य की अनुमोदित लागत रू. 284.36 लाख के सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में अवमुक्त रू. 142.18 लाख को समायोजित करते हुये अवशेष धनराशि रू. 142.18 लाख (रूपये एक करोड़ बयालीस लाख अट्ठारह हजार मात्र) को निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन आपके निवर्तन पर रखे जाने की, श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

1- सन्दर्भित शासनादेश दिनांक 28 अक्टू बर,2014 की शर्ते यथावत लागू रहेंगी।
2- प्रश्नगत कार्य हेतु अवमुक्त की जा रही अवशेष धनराशि आहरित कर बैंक/डाकघर/ पी0एल0ए0 में नहीं रखी जायेगी। प्रश्नगत धनराशि आहरित कर डिपाजिट कार्यों के रूप में कार्यदायी विभाग-द्वारा रेमिटेन्स लेखाशीर्ष "8782" के अन्तर्गत-सुसंगत लेखाशीर्षक में जमा कर, वित्त (लेखा) अनुभाग-2 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-ए-2-47/दस-97-10(9)/95, दिनांक 3 मार्च, 1997 में दिये गये निर्देशों के अनुसार डिपाजिट क्रेडिट लिमिट (डी0सी0एल0) निर्गत करके व्यय की जायेगी।
3- इस शासनादेश से उक्त कार्य यथा: ग्राम गुरसहायगंज रसूलपुर पल्टेपुर्वा मार्ग से अदमापुर मछिया होते हुए कसारी तक सम्पर्क मार्ग के लिए अनुमोदित लागत के सापेक्ष पूर्ण धनराशि का आवंटन हो जाता है। कार्य को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जायेगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

http://shasanadesh.up.nic.in

4- स्वीकृत धनराशि का आहरण कर सदुपयोग सुनिश्चित किया जायेगा और यदि कोई धनराशि अनाहरित बचती है तो उसे 31 मार्च, 2017 से पूर्व समर्पित किया जायेगा । स्वीकृत धनराशि का पूरा लेखा- जोखा 31 मार्च, 2017 तक प्रमुख सचिव नियोजन अनुभाग-4 को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

5- राजकोष से आहरित धनराशि का त्रैमासिक आधार पर मिलान महालेखाकार उ0प्र0 में अनुरक्षित लेखों से अनिवार्यत: कराया जायेगा तथा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के पश्चात 3 माह में अर्थात 30 जून,2017 तक स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष हुए व्यय का महालेखाकार द्वारा सत्यापित विवरण नियोजन विभाग को प्रेषित किया जायेगा।

6- कार्य पूर्ण होने पर कार्यदायी संस्था द्वारा सम्परीक्षित लेखे अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराये जायेंगे।

2- उपर्युक्त मद पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2016-17 के आय व्ययक में अनुदान संख्या-40-आयोजनागत-लेखाशीर्षक-5054-सड़कों तथा सेतुओं पर पूंजीगत परिव्यय-04-जिला तथा अन्य सड़कें-337-सड़क निर्माण कार्य-03-त्वरित आर्थिक विकास योजना-03-ग्रामीण क्षेत्रों में अधूरी सड़कों के लिए एकमुश्त व्यवस्था-24-वृहद निर्माण कार्य के नामे डाला जायेगा ।

3- यह आदेश वित्त विभाग के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2016/बी-1-746/दस-2016-231/2016 दिनांक 22 मार्च,2016 में प्रतिनिधानित अधिकारों के अनुक्रम में जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

संख्या:274/2016/1055(1)/35-4-2016 तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- प्रधान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।
2- महालेखाकार, लेखापरीक्षा, प्रथम एवं द्वितीय, इलाहाबाद।
3- प्रमुख सचिव / सचिव, लोक निर्माण ।
4- प्रमुख सचिव, वित्त।
5- निजी सचिव, मा. मुख्य मंत्री जी ।
6- मण्डलायुक्त, कन्नौज ।
7- जिलाधिकारी, कन्नौज ।
8- मुख्य विकास अधिकारी, कन्नौज ।
9- वरिष्ठ कोषाधिकारी, कन्नौज ।
10-गार्ड फाईल।
11-वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग- 5
12-राज्य योजना आयोग-1
13-जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी, कन्नौज।

आज्ञा से ,

(अबरार अहमद)
विशेष सचिव

http://shasanadesh.up.nic.in